कमाल के शिक्षक कार्यक्रम

DIET छात्रों की क्षमता वृद्धि व कक्षा 3-5 के बच्चों के अधिगम स्तर में विकास के लिए DIETs व प्रथम की साझेदारी

कार्यक्रम का विवरण

हरियाणा के असर 2014 के परिणामों से पता लगता है की राज्य के कक्षा 3 के सिर्फ 18.7% बच्चे ही पहली कक्षा का एक सरल पाठ और कक्षा 5 के सिर्फ 14.7% बच्चे ही दूसरी कक्षा का एक सरल पाठ पढ़ पाते हैं। इसी तरह गणित के आंकड़ों से पता लगता है की कक्षा 3 के सिर्फ 28.7% बच्चे ही घटाव का एक सरल सवाल और कक्षा 5 के सिर्फ 22.9% बच्चे ही भाग का एक सरल सवाल हल कर पाते हैं

राज्य में शासन द्वारा प्री-सर्वीस और इन-सर्वीस प्रशिक्षण हेतू सभी ज़िलों में ज़िला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (DIET) का निर्माण किया गया है। शिक्षकों की क्षमता वृद्धि व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए DIET एक महत्त्वपूर्ण संस्थान है। यदि शुरूआत से ही DIET में अध्ययनरत छात्रों को इन शैक्षणिक समस्याओं के बारे में अवगत कराया जाए तो इनके समाधान में यह छात्र एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। DIET छात्रों की क्षमता वृद्धि व कुछ चयनीत विद्यालयों में बच्चों के अधिगम स्तरों में सुधार हेतू राज्य के 2 DIETs ने 2015-16 'कमाल के शिक्षक' कार्यक्रम को लागू किया। इस कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य हैं:

1. DIET छात्रों की कमाल पद्धति की सैद्धांतिक व व्यवहारिक अनावरण की समझ बनाना।
2. DIET छात्रों को तीसरी, चौथी व पाँचवी कक्षा के बच्चों की समझ के वर्तमान स्तर को जानने में मदद करना।
3. DIET छात्रों को कमाल में प्रयुक्त सीखने व सिखाने की पद्धतियों से परिचित कराना ताकि वे अपने शाला अनुभव के समय में बच्चों को कमाल विधि से स्तर अनुसार पढ़ा कर उन में पठन व गणित के बुनियादी कौशल को विकसित करने में सक्षम हो सके।
4. बच्चों में पढ़ने-लिखने व समझ विकसित करने के लिए कमाल पद्धति को लागू करने में बच्चों के एक समूह के साथ काम करते हुए वास्तविक कार्यक्षेत्र में उन्हें मदद देना।

कमाल (CAMaL-Combined Activities for Maximized Learning) पद्धती का विवरण

कमाल (CAMaL-Combined Activities for Maximized Learning) बच्चों में पढ़ने और गणित करने की बुनियादी क्षमता उत्पन्न करने की एक नायाब शैक्षणिक पद्धति है, जिसे प्रथम ने विकसित किया है। 'कमाल' पद्धति सुगठित गतिविधियों के जरिये सीखने की क्रिया को सुगम बना देती है, जिसके परिणामस्वरूप बच्चे में पढ़ने, लिखने, सुनने, बोलने और करने जैसी विभिन्न क्षमताओं का विकास हो पाता है। इन गतिविधियों को इस प्रकार किया जाता है ताकि यह सुनिश्चित हो कि उनकी मदद से बच्चा सरल से जटिल तथा मूर्त से अमूर्त की ओर आगे बढ़ पाए। इस प्रकार चुनौती एवं सहायता के बीच उचित संतुलन कमाल गतिविधियों की विशिष्टता है।

कमाल पद्धति की बुनियादी विशेषता है– बच्चों को नामांकित कक्षा के बजाय पढ़ने के स्तर के आधार पर समूहों में बाँटना। इसके बाद बच्चों के प्रत्येक समूह को पढ़ने के अगले स्तर तक पहुँचने में मदद करने वाली गतिविधियों व सामग्री को इस्तेमाल करना सिखाया जाता है। इस प्रकार समूह में हर बच्चे को उसकी प्रगति के लिए मदद दी जाती है। इसे 'उचित स्तर पर शिक्षण' की अवधारणा कहा गया है। यह पद्धति इस दृढ़ मान्यता पर रची गई है कि सीखने की प्रक्रिया में बच्चा एक सक्रिय भूमिका निभाता है। इसलिए 'कर के सीखो' का मूल कमाल का दिशा-निर्देशक है। संक्षेप में, कमाल एक संवादमूलक, गतिविधि आधारित पद्धति है। बहुत कम समय में बच्चों में पढ़ने व गणित करने की क्षमता पैदा करने में जिसकी सफलता असंदिग्ध है।

कार्यक्रम की पहुँच

भारत भर में 2015-16 में 76 DIETs और 2016-17 में 45 DIETs एवं 45 निजी टीचर ट्रेनिंग कालेज ने इस साझेदारी के अंर्तगत प्रथम के साथ मिलकर काम किया। वर्ष 2015-16 में, DIET छात्रों ने 989 स्कूलों में लगभग 40,000 बच्चों और 2016-17 में 930 स्कूलों के बच्चों की कमाल द्वारा बुनियादी भाषा और गणित सीखने में मदद की।

Pratham
Every Child in School and Learning Well

कमाल के शिक्षक कार्यक्रम

DIET छात्रों की क्षमता वृद्धि व कक्षा 3-5 के बच्चों के अधिगम स्तर में विकास के लिए DIETs व प्रथम की साझेदारी

DIET छात्रों द्वारा कमाल पद्धति से संचालित शाला अनुभव (लर्निंग कैंप) के परिणाम (2015-16)

टेबल 1: DIET अनुसार कक्षा 3-5 के बच्चों के पढ़ने का स्तर

क्रमांक	DIET का नाम	लर्निंग कैंप विद्यालय की संख्या	प्रारंभिक और अक्षर स्तर के बच्चों की संख्या		अनुच्छेद और कहानी स्तर के बच्चों की संख्या	
			कैंप से पहले	कैंप के बाद	कैंप से पहले	कैंप के बाद
1	DIET मताना	17	172	73	12	110
2	DIET मतरशाम	24	355	147	35	247
कुल		**41**	**527**	**220**	**47**	**537**

पढ़ने की जाँच सामग्री



इस टेबल को कैसे पढ़ें: यह टेबल कमाल लर्निंग कैंप से कक्षा 3-5 के बच्चों के पढ़ने के स्तर में हुए विकास को दर्शाती है। पढ़ने की जाँच साम्रगी में दिए हुए स्तरों के अनुसार टेबल 1 में बच्चों की संख्या कैंप से पहले और बाद की स्थिति में दी गई है।

उदाहरण: DIET मताना के छात्रों द्वारा संचालित लर्निंग कैंप में, सभी विद्यालय मिलाकर, कैंप से पहले 172 बच्चे शब्द भी नहीं पढ़ पाते थे। कैंप के बाद यह संख्या घटकर 73 हो गई अर्थात 99 बच्चे शब्द या उससे अधिक पढ़ना सीख गए। उसी तरह जो बच्चे अनुच्छेद या उससे अधिक पढ़ पाते हैं उनकी संख्या 12 से बढ़कर 110 बच्चे हो गई।

टेबल 2: DIET अनुसार कक्षा 3-5 के बच्चों के गणित का स्तर

क्रमांक	DIET का नाम	लर्निंग कैंप विद्यालय की संख्या	प्रारंभिक और अंक पहचान स्तर के बच्चों की संख्या		घटाव और भाग स्तर के बच्चों की संख्या	
			कैंप से पहले	कैंप के बाद	कैंप से पहले	कैंप के बाद
1	DIET मताना	17	140	33	35	132
2	DIET मतरशाम	24	338	90	87	271
कुल		**41**	**478**	**123**	**122**	**403**

गणित की जाँच सामग्री



इस टेबल को कैसे पढ़ें: यह टेबल कमाल लर्निंग कैंप से कक्षा 3-5 के बच्चों के गणित के स्तर में हुए विकास को दर्शाती है। गणित की जाँच साम्रगी में दिए हुए स्तरों के अनुसार टेबल 1 में बच्चों की संख्या कैंप से पहले और बाद की स्थिति में दी गई है।

उदाहरण: DIET मतरशाम के छात्रों द्वारा संचालित लर्निंग कैंप में, सभी विद्यालय मिलाकर, कैंप से पहले 338 बच्चे संख्या भी नहीं पहचान पाते थे। कैंप के बाद यह संख्या घटकर 90 हो गई अर्थात 248 बच्चे संख्या पहचान या उससे अधिक गणित करना सीख गए। उसी तरह जो बच्चे घटाव या उससे अधिक गणित कर पाते हैं उनकी संख्या 87 से बढ़कर 271 बच्चे हो गई।

Pratham
Every Child in School and Learning Well